कार्यालय प्राचार्य
स्व.रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय, खरोरा,
जिला – रायपुर

Email ID – gnckharora.150617@gmail.com

क्रमांक 970/अतिथि व्या./2025 खरोरा, दिनांक 26/07/2025

//अतिथि व्याख्याता हेतु विज्ञापन//

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय ब्लॉक–3, द्वितीय एवं तृतीय तल,इन्द्रवती भवन नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) के पत्र क्रमांक–289/01/आउशि/राज.स्था./2025 ,नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 23.07.2025 के परिपालन में क्रमांक 74/126/आउशि/राज.स्था./2024 नवा रायपुर,अटल नगर दिनांक 06.07.2024 के नियमानुसाद शैक्षिणक सत्र 2025–26 हेतु महाविद्यालय मे अध्यापन व्यवस्था के लिए सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों के विरूद्ध नीचे लिखे गये विवरण अनुसार अतिथि व्याख्याता हेतु दिनांक 05.08.2025 सायं 04:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/कोरियर/स्वयं द्वारा जमा कर सकते है। ई–मेल से कोई भी आवेदन स्वीकार नही किया जावेगा। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जावेगा।

अतिथि व्याख्याता हेतु निम्नाकिंत विषय मे आवेदन आमंत्रित है –

क्रमांक	विषय	पदनाम	पद संख्या
1	वाणिज्य	सहायक प्राध्यापक	01
योग			**01**

शर्ते :–

1. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली व उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन रायपुर द्वारा निर्धारित योग्यताएँ मान्य होगी एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार मैरिट सूची के आधार पर चयन किया जावेगा।

2. अतिथि व्याख्याता परिश्रमिक का भुगतान छ.ग. शासन के निम्नानुसार देय होगा।

3. अतिथि व्याख्याताओं की सेवाएं भविष्य मे नियमितिकरण का आधार नही बनेगा।

4. अतिथि व्याख्याता किसी भी हैसियत से महाविद्यालय स्थापना के अन्तर्गत नही माने जायेंगे एवं वे लोक सेवक के विहित परिभाषा के अंतर्गत "लोक सेवा" नही माने जायेगें।

5. चयनित उम्मीदवार के विरूद्ध पुलिस या न्यायालय मे कोई अपराधिक प्रकरण लंबित न हो तथा वह किसी अन्य शासकीय/अशासकीय सेवा मे न हो इस बाबत्

शपथ पत्र कार्यभार ग्रहण करते समय प्रस्तुत करना होगा। अतिथि व्याख्याता एकसाथ दो महाविद्यालयों मे अध्यापन कार्य नही कर सकेगा।

6. नियमित नियुक्ति/प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण तथा शासन की अन्य व्यवस्था के तहत प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक की पदस्थापना होने पर अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति स्वयमेव निरस्त मानी जावेंगी।

7. आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची,जाति/निवास एवं अन्य प्रमाण पत्र की स्वहास्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

26.7.25

प्राचार्य
स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय
खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

पृ. कमांक 97/ /लेखा स्था/2024 खरोरा दिनांक 26/07/2025

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)।
2. अपर संचालक क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर।
3. प्राचार्य, शासकीय नागार्जुन विज्ञान (अग्रेणी) महाविद्यालय रायपुर ।
4. प्राचार्य, समस्त महाविद्यालय को इस अनुरोध के साथ कि कृपया सूचना पटल पर चस्पा करें।

26.7.25

प्राचार्य
स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय
खरोरा, [illegible] (छ.ग.)